# कचरे से पटा डंपिंग प्वाइंट, नाले में बहाया जा रहा कचरा

## लाखों का भुगतान लेने वाली रैमकी कम्पनी की मनमानी, दुर्गंध से मोहल्ले के लोग और दुकान वाले परेशान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 मई, शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है, एक ओर जहा नगर निगम आयुक्त और महापौर स्वच्छता को लेकर बैठक ले रहे है. वही मानस भवन के पास स्थित कचरा डंपिंग प्वाइंट कचरे से भर चुका है और नाले में कचरा बहाया जा रहा है. इतना ही नही डंपिंग प्वाइंट के बाहर मैदान में भी कचरा एकत्र किया गया है जिसका उठाव न होने से दुर्गंध से स्थानीय लोग परेशान है.**



हर माह कचरा उठाने और पहड़िया कचरा प्लांट तक कचरा ले जाने वाली रैमकी कम्पनी लाखों का भुगतान ले रही है. लेकिन शहर के बीच डंपिंग प्वाइंट का कचरा नही उठाया जा रहा है. यार्ड के अंदर जितना कचरा रखा है उतना ही बाहर मैदान में रखा हुआ है और बगल से निकलने वाले अमहिया नाले में कचरा बहाया जा रहा है जो कि पूरी तरह से गलत है और पर्यावरण के लिहाज से भी खतरनाक है. जिम्मेदार नगर निगम के अधिकारियों को दिखाई नही दे रहा है. आसपास आवासीय भवन है और दुकाने है दिन भर लोगो का आना-जाना लगा रहता है. दुर्गंध से स्थानीय लोगो का हाल बेहाल है, रैमकी कम्पनी वालो से जब कचरा उठाने के लिये कहा गया तो उन्होने कोई जवाब नही दिया. लिहाजा लोगो ने महापौर से इसकी शिकायत की. कचरा प्वाइंट के अंदर जितना कचरा रखा है उससे ज्यादा बाहर फैला हुआ है.

नाले के तरफ दीवाल बनी थी जो गिर गई उसके बाद नाले में कचरा न जाय इसके लिये कोई इंतजाम कम्पनी ने नही किया. लाखों का भुगतान लेने वाली कम्पनी नाले में कचरा बहा रही है. स्वच्छता को लेकर भले ही तमाम निर्देश दिये जा रहे है लेकिन कम्पनी स्वच्छता अभियान को पलीता लगा रही है. मोहल्लो का भी कचरा नही उठाया जाता, जिसके कारण कचरे का ढ़ेर लगा रहता है.

### दुर्गंध से परेशान है मोहल्ले के लोग

स्थानीय निवासी मो. सलीम ने बताया कि दुर्गंध के बीच रहने की आदत हो गई है. डंपिंग प्वाइंट में कचरा पड़ा रहता है शिकायत के बाद कोई जवाब नही मिलता. मक्खियों और दुर्गंध के बीच रहने को विवश है. घर के बाहर खड़ा होना मुश्किल हो रहा है. न तो स्थानीय पार्षद सुनते है और न ही अधिकारी, यहा से डंपिंग प्वाइंट हटाया जाय. वही दूसरी तरफ दुकान चला रहे महेश वर्मा ने बताया कि हम लोग किसी तरह से रह रहे है लेकिन जो ग्राहक आते है वह दो मिनट नही रूकते. हवा जब चलती है तो इतनी दुर्गंध होती है कि कोई खड़ा नही हो सकता. रैमकी कम्पनी के लोग कचरा बाहर गिराते है और उठाते नही है, खुलेआम नाले में कचरा बहाया जा रहा है जिससे नाला भी पट रहा है.

### कचरा हटाने को बोला गया है : अजय

महापौर अजय मिश्रा बाबा ने कहा कि मानस भवन के पास जो डंपिंग प्वाइंट है उसके बाहर कचरा फैलने की और उठाव न किये जाने से आ रही दुर्गंध की शिकायत मिली है. तत्काल कम्पनी प्रबंधन एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि कचरे को उठाकर कचरा प्लांट भेजा जाय और सफाई कराई जाय. इस तरह की लापरवाही मिलने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी. साथ ही महापौर ने बताया कि डंपिंग प्वाइंट को यहा से हटा कर दूसरे स्थान पर स्थापित करने की योजना है.

# फर्जी वेंडरों के नाम पर लाखों का खेल जनपद अध्यक्ष ने की शिकायत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 मई, जनपद पंचायत नईगढ़ी में विकास कार्यों की आड़ में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं का मामला सामने आया है. जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ममता कुंज बिहारी तिवारी ने प्रधानमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री कार्यालय, राज्य जीएसटी और सेंट्रल जीएसटी तक ई-मेल भेजकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है.**

अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि वर्ष 2015-16 से 2025-26 तक के विकास कार्यों में फर्जी वेंडरों के माध्यम से भुगतान कर शासन की राशि का दुरुपयोग किया गया. उन्होंने कहा कि कई ऐसे वेंडर सामने आए हैं जिनका कोई वास्तविक व्यापार अस्तित्व में नहीं है, फिर भी उनके नाम पर लाखों रुपये के बिल लगाए गए. कई फर्मों के नाम पर भुगतान दिखाया गया है, जबकि जमीनी स्तर पर उनका कोई कार्य या दुकान तक नहीं मिली. अध्यक्ष का आरोप है कि चाय-पान, मोबाइल और किराना संचालकों के नाम पर सीमेंट, गिट्टी, बालू जैसे निर्माण सामग्री के बिल लगाए गए. इससे साफ है कि कागजों में ही विकास कार्य दिखाकर राशि आहरित की गई. ममता तिवारी ने बताया कि कई मामलों में सरपंच खुद ही वेंडर बनकर अपने खाते में भुगतान ले रहे हैं. साथ ही कई कार्यों में बिना काम किए ही भुगतान दर्शाया गया और मस्टर रोल, मापन पुस्तिका और भुगतान विवरण में भारी अंतर पाया गया. जनपद अध्यक्ष ने बताया कि 2022 में पदभार संभालने के बाद से वे लगातार निरीक्षण, पत्राचार और शिकायतें करती आ रही हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई.

यहां तक कि प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजी गई शिकायत भी कलेक्टर कार्यालय में सीएम हेल्पलाइन लेवल-3 पर लंबित है. उन्होंने कहा कि देश में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की बात हो रही है, वहीं पंचायत राज में आरक्षण होने के बावजूद महिला जनप्रतिनिधियों को स्वतंत्र रूप से काम नहीं करने दिया जा रहा. परेशान किया जाता है.

### हमारी लड़ाई जारी रहेगी : अध्यक्ष ममता कुंजबिहारी

जनपद अध्यक्ष नईगढ़ी श्रीमती ममता कुंजबिहारी तिवारी ने कहा कि ग्रामीण विकास की राशि जनता का अधिकार है. इसे फर्जी बिलों और कागजी कार्यों में डकारने वालों को बख्शा नहीं जाएगा. जब तक न्याय नहीं मिलेगा, हमारी लड़ाई जारी रहेगी.

# चोरी के दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा, एक फरार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 मई, डभौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोंता में एक माह पूर्व हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा किया है.**

वारदात में शामिल 3 में से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर सोने चांदी के जेवरात बरामद कर लिए गए हैं जबकि तीसरे आरोपी सहित अन्य सामान की तलाश की जा रही है. चोरी से इस वारदात का खुलासा करते हुए डभौरा थाना प्रभारी ऋषभ सिंह बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि तकरीबन एक माह पूर्व ग्राम गोंता निवासी रामचंद्र कोल के घर में चोरी की वारदात हुई थी. यहां घर में घुसे अज्ञात चोरों ने सोने चांदी के जेवरात सहित बर्तन और टीवी पार कर दिए थे. पीड़ित द्वारा घटना की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई थी पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी इस दौरान पता चला कि गांव का ही एक युवक आदित्य वर्मा घटना दिनांक के बाद से गायब है. पुलिस आदित्य की तलाश कर रही थी कि इसी दौरान कल पुलिस ने आदित्य को घेराबंदी कर पकड़ लिया. पूछताछ के दौरान आदित्य ने अपने साथी सौरभ कोल और राजकुमार साहू के साथ चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया. पुलिस ने वारदात में शामिल सौरभ कोल को भी गिरफ्तार कर लिया है जबकि राजकुमार साहू फरार है. थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए हुए तकरीबन साढ़े तीन लाख रुपए कीमती सोने चांदी के जेवरात बरामद कर लिए हैं जबकि एक आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है.

# मऊगंज में अब तक 28216 क्विंटल गेहूं उपार्जित

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 3 मई, कलेक्टर संजय कुमार जैन के निर्देशन में रबी विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत जिले में गेहूं खरीदी का कार्य प्रक्रियाधीन है.**

जिले में उपार्जन के लिए 24 उपार्जन केन्द्रो में उपार्जन का कार्य प्रारंभ किया गया है. अभी तक किसानों से 28216 क्विंटल गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है. अन्य सभी उपार्जन केन्द्रो पर कार्य प्रारंभ है. जिले में अभी तक एक हजार 2408 किसानों द्वारा उपार्जन केन्द्र में स्लॉट बुकिंग की गई है. खरीदी केन्द्रो में गेंहू की खरीदी चल रही है. झमाझम हुई बारिश के चलते खरीदी का कार्य प्रभावित हुआ, कई जगह गेंहू भीग भी गया. किसान स्लाट बुक करने के साथ लगातार खरीदी केन्द्रो में अपनी उपज लेकर पहुंच रहे है, मौसम को देखते हुए तिरपाल की व्यवस्था की है.

## संक्षिप्त



### अधिवक्ताओं ने किया नवनिर्वाचित अध्यक्ष का सम्मान

**रीवा,** जिला अधिवक्ता संघ रीवा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेन्द्र पाण्डेय का लगातार 7 वीं बार अध्यक्ष बनने पर उच्च न्यायालय के अधिवक्ता रघुवंश प्रसाद पाण्डेय ने अपने साथियों के साथ मिलकर सम्मान किया और शुभकामनाएं दी. रघुबंश विनायकम् पाण्डेय के साथ अवकाश प्राप्त शिक्षाविद एवं अधिवक्ता ओंकार नाथ पांडेय, डा. हर्ष लाल शुक्ला, प्रदीप अवस्थी आदि ने सातवीं बार जिला अध्यक्ष रीवा के ऐतिहासिक जीत की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया. रघुबंश प्रसाद पाण्डेय विनायकम् जो उच्च न्यायालय में वकालत के पेशे से जुड़े हुए हैं, राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव के प्रत्याशी भी हैं, प्रचार प्रसार के दौरान अधिवक्तागणों के हितार्थ व उनके सम्मान के लिए अध्यक्ष से मिलकर अधिवक्ता सेवार्थ बैठक व्यवस्था व अन्य मूलभूत सुविधाओं के बारे में विचार मंथन किया और उसे हल करने का आग्रह किया. उक्त परिचर्चा में नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष श्री पांडेय ने आश्वासन दिया की सभी समस्याओं का समाधान मिल बैठकर बहुत जल्दी ही कर लिया जाएगा.

### उप मुख्यमंत्री ने बीके निर्मला दीदी से भेंट की

रीवा, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने राजयोगिनी बीके निर्मला दीदी से भेंटकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उनका कुशलक्षेम जाना. उप मुख्यमंत्री ने निर्मला दीदी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की.

### उप मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय रामफल सिंह को श्रद्धांजलि दी

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा नगर के वार्ड क्रमांक 12 के वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय रामफल सिंह के निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके परिजनों को ढ़ाढस बंधाया.

### सलाहकार सदस्य मनोनीति

**रीवा,** जिले में संचालित गौशालाओं की संचालन समितियों में सलाहकार सदस्य मनोनीति किये गये हैं. कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के आदेश पर बसामन मामा गौशाला के लिए पूर्व संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ. राजेश मिश्रा तथा हिनौती गौशाला के लिए पूर्व जिला उपाध्यक्ष गौसंवर्धन बोर्ड रीवा राजेश पाण्डेय को सलाहकार सदस्य नियुक्त किया गया है.

### शहर में चल रहा जनगणना का कार्य

**रीवा,** शहर में जनगणना कार्य तेजी से प्रगति पर है. नगर जनगणना अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है कि भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण का कार्य 01 मई से प्रारंभ हो चुका है, जिसमें भवन एवं मकानों की गणना (हाउस लिस्टिंग) तथा आवश्यक आधारभूत सूचनाओं का संकलन किया जा रहा है. पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों द्वारा 01 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का प्रथम चरण का कार्य फील्ड में संपादित किया जाएगा .नगर जनगणना अधिकारी प्रकाश द्विवेदी ने बताया कि शहर के सभी जोन 01, 02, 03 एवं 04 के प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स की सूची जारी कर दी गई है तथा सभी को उनके निर्धारित क्षेत्रों में कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है. शेष कार्य निगम के जनगणना कक्ष में संपादित किए जा रहे हैं, जहां कार्यों की सतत समीक्षा कर प्रगति सुनिश्चित की जा रही है. जोनल चार्ज अधिकारियों द्वारा भी संबंधित कार्यों की नियमित निगरानी की जा रही एवं जनगणना कार्य की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है, नगर जनगणना अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, जिससे कोई भी शासकीय कर्मचारी इनकार नहीं कर सकता. गौरतलब है कि ड्यूटी से बचने के लिए बहानेबाजी करने वाले सुपरवाइजरों के विरुद्ध भारतीय जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 11 के तहत प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं.




विंध्य विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संजय तीर्थानी का स्वागत करते समाज के लोग

# व्यवसाय के साथ समाजसेवा और राजनीति में युवाओं को आगे आना चाहिए : तीर्थानी

नवभारत न्यूज


**रीवा, 3 मई, विंध्य विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त उपाध्यक्ष संजय तीर्थानी ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यवसाय के साथ साथ समाजसेवा व राजनीति में सकारात्मक सोच व स्वस्थ मानसिकता के साथ युवाओं को आगे आने की आवश्यकता है.**

श्री तीर्थानी ने युवाओं को आव्हान करते हुए कहा कि उठो जागो और तब तक अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ो जब तक मंजिल हासिल न हो जाए. श्री तीर्थानी ने आगे कहा कि विंध्य के विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करुंगा और संगठन व समाजसेवा के क्षेत्र में पूर्व की भांति सदैव आप लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलूंगा. पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के महासचिव शंकर सहानी ने बताया कि विंध्य विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त उपाध्यक्ष संजय तीर्थवानी के प्रथम नगर आगमन पर सिंधी समाज द्वारा स्वागत किया गया. उल्लेखनीय है कि विंध्य क्षेत्र में सिंधी समाज को शासन द्वारा पहली बार प्रतिनिधित्व मिला है जिससे पूरे विंध्य के सिंधी समाज में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल है. इस अवसर पर समाज के लोगों ने शाल श्रीफल व गजमाला पहनाकर ढोल-नगाड़े के साथ बड़े हर्षोल्लास से श्री तीर्थानी का स्वागत किया. सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष प्रहलाद सिंह, हुकूमत राय होतवानी, कन्हैयालाल मंगलानी, संतूलाल आहूजा, दूलीचंद हंसपलानी, सुदामालाल सचदेव, घनश्यामदास काकनवानी, कमलेश सचदेव, गोपाल पुरी, राजा आहूजा, करमचंद सुंदरानी, सुशील कुंगवानी, श्रीचंद्र कोटवानी, अशोक मंजानी, वीरेंद्र चुंगवानी, अशोक रोहड़ा, मदन चुंगवानी, गुलाब सहानी, शेखर सचदेव, विजय थावानी, विजय ठारवानी, राम नारवानी, अर्जुन खिलवानी, हरीश वाधवानी, महेश हीरवानी, दीपक दुर्गिया मौजूद रहे.

# शहर की प्राचीन अजब कुँवरी बाबड़ी में किया गया श्रमदान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 मई, जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रीवा नगर की 362 वर्ष प्राचीन ऐतिहासिक अजब कुंवरी बावड़ी के संरक्षण व स्वच्छता का अभियान प्रारम्भ किया गया.**



अभियान के तहत विगत दिनों म.प्र. जन अभियान परिषद के संयोजन में सुबह 6 बजे से अजब कुंवरी बाबडी संरक्षण अभियान का शुभारंभ संभाग समन्वयक प्रवीण पाठक के समन्वय में शुरू किया गया. उन्होंने स्वयं उपस्थित होकर बावड़ी स्वच्छता हेतु श्रमदान किया और उपस्थित नवांकुर और प्रस्फुटन समितियों तथा नगर निगम स्वच्छता कार्यकर्ताओं के समक्ष बावड़ी के एतिहासिक और प्राकृतिक महत्व पर प्रकाश डाला.

स्वच्छता अभियान के तृतीय दिवस पर अजब कुंवरी बावड़ी में रीवा नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उपस्थित होकर श्रमदान किया तथा संकल्प लिया कि बावड़ी का स्वच्छ करेंगे. श्रमदान कार्यक्रम में नगर निगम रीवा की स्वच्छता टीम के कार्यकर्ताओं द्वारा भी बढचढ कर भाग लिया गया. नगर निगम स्वच्छता मुरारी व परमार तथा वार्ड 27 के पार्षद मनीष नामदेव ने श्रमदान के साथ-साथ पूरी टीम को प्रेरित किया.

# चिरहुला मंदिर मार्ग बंद होने से श्रद्धालु और स्थानीय लोग परेशान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 मई, चिरहुला मंदिर क्षेत्र में निर्माण कार्य के दौरान बंद किए गए मार्ग की समस्या अब भी जस की तस बनी हुई है.**

जिससे स्थानीय नागरिकों एवं श्रद्धालुओं को निरंतर भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. इस संबंध में पूर्व में भी स्थानीय नागरिकों द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मार्ग खुलवाने एवं निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की गई थी, किंतु अब तक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है. इसे लेकर समाजसेवी कैलाश नारायण पाण्डेय के नेतृत्व में क्षेत्रीय नागरिकों ने पुनः प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित कराया है. चिरहुला मंदिर के पीछे निर्माणाधीन हाल के कार्य हेतु नियुक्त ठेकेदार द्वारा मंदिर के सामने स्थित मुख्य सड़क पर सामग्री फैलाकर रास्ते को पूरी तरह बंद कर दिया है.

# मॉडल सड़क के रात में भारी जाम को नियंत्रित किया जाय : सुब्रत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 मई, भारतीय किसान यूनियन मध्य प्रदेश के अध्यक्ष किसान सुब्रत ने माडल सड़क पर रात में भारी जाम को नियंत्रित किये जाने की मांग प्रशासन से की है.**

बाईपास की पुलिया मे सुधार होने के कारण वाईपास से भारी वाहनो के आने जाने मे रोक के कारण नो इन्टरी के रात्रि मे खुल जाने पर रतहरा से लेकर चोरहटा तक जाम की स्थित रहती है लोग कई घन्टे जाम मे फसे रहते है. यातायात को कोई नियंत्रण करने वाले नही रहते, दुर्घटनाओ की संभावना के साथ कई घन्टो तक जमा रहता है. जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, यातायात प्रशासन, पी डब्लू डी के सकछम अधिकारी रात्री मे निकल कर रतहरा से चोरहटा तक जाम से लोगो को निजात दिलाने आवश्यक कार्रवाई के लिए मौके का मुआयना कर यातायात को सुचारू रूप प्रदान करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करे. रात्रि मे यातायात को नियंत्रण करने के लिए यातायात पुलिस को जिम्मेदारी दी जाय.

# हिनौती गौधाम बनेगा प्राकृतिक खेती का केंद्र : शुक्ल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 मई, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने हिनौती गौधाम में बनाए जा रहे दो गौशाला शेड तथा भूसा हाउस का भूमि पूजन किया. इनका निर्माण सीएमपीवी इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है.**



भूमि पूजन के बाद उप मुख्यमंत्री ने हिनौती गोधाम में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में कहा कि निर्माणाधीन तीन गौशालाओं का निर्माण पूर्ण कर इनका लोकार्पण कराएं जिससे निराश्रित गौवंश को आश्रय मिल सके. हिनौती गौधाम को प्राकृतिक खेती के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा. इसमें गोबर गैस संयंत्र लगाकर इसकी ऊर्जा जरूरत को पूरा किया जाएगा. साथ ही उससे मिलने वाली खाद का उपयोग खेती में किया जाएगा. गौधाम में उपयोग के बाद शेष बची प्राकृतिक खाद को आसपास के किसानों को बेचा जाएगा. इससे हिनौती के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र में भी प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा. प्राकृतिक खेती हमारे जीवन को स्वस्थ रखने के साथ-साथ माटी को भी स्वस्थ रखेगी. धरती माता को स्वस्थ बनाए रखना और भावी पीढ़ी का जीवन सुरक्षित रखने के लिए प्राकृतिक खेती ही एकमात्र विकल्प है. उपमुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्य को तय समय पूरा करें. यहां कार्य करने वाली एजेंसी को पूरा सहयोग दें. बैठक में विधायक मनगवां इंजी. नरेंद्र प्रजापति, जनपद अध्यक्ष गंगेव विकास तिवारी एवं अधिकारीगण मौजूद रहे.

# सड़क दुर्घटना के बाद महिला का शव रखकर ग्रामीणों ने लगाया जाम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 मई, रीवा-प्रयागराज हाइवे 30 पर शनिवार की दोपहर गढ़ थाना अन्तर्गत घूमा ब्रिज के पास सड़क दुर्घटना में महिला की मौत हो गई. जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया.**



इस हादसे के बाद आक्रोश परिजन और ग्रामीणो ने महिला का शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया. चार घंटे तक जाम चलता रहा, तहसीलदार के लिखित आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ और जाम खोला गया. रविवार की दोपहर करीब 2:30 बजे श्रीमती शीला साकेत उम्र लगभग 32 वर्ष निवासी ग्राम लोरी नंबर-01 थाना गढ़ तहसील मनगवां अपने पति सुनील साकेत के साथ ई-रिक्शा पर सवार होकर लौरी नंबर 1 से प्रयागराज जा रही थीं. इसी दौरान घूमा ब्रिज के पास वाहन ने उनके ई-रिक्शा को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शीला साकेत की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि उनके पति सुनील साकेत गंभीर रूप से घायल हो गए. उन्हें सिर, हाथ और कमर में चोटें आई हैं. हादसे के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने मृतक महिला का शव सड़क पर रखकर दोपहर 2:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक चक्काजाम कर दिया. सड़क पर शव रखे होने के कारण हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई. सूचना मिलते ही तहसीलदार त्योंथर राजेंद्र शुक्ला और गढ़ थाना प्रभारी अवनीश पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. अधिकारियों ने आक्रोशित परिजनों को काफी देर तक समझाया और शासन की ओर से देय सहायता राशि का भरोसा दिलाया. जिसके बाद शाम 6.30 बजे जाम खोलने को ग्रामीण तैयार हुए. शव को पुलिस ने पीएम के लिये गंगेव स्वास्थ्य केन्द्र भेज दिया.